## खबर संक्षेप

### शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**मण्डला।** स्वास्थ्य परीक्षण स्वस्थ विद्यालय परिकल्पना को साकार करता है और नीट परीक्षा प्रतिभागियों के समक्ष डॉक्टर्स की टीम बैठी हो तो विद्यार्थियों में नवीन ऊर्जा का संचार होता है नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन सत्र में यह बात कही। स्वस्थ मन मस्तिष्क से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। दैनिक गतिविधियों को अनुशासित कर हम रुग्णता से बच सकते हैं। मेंटल हेल्थ पर केंद्रित होना आज की जरूरत है। यह बात आर.एम.ओ. जिला चिकित्सालय डॉक्टर प्रवीण कुमार उईके ने कहीं। प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि वर्षाकाल में वायरल संक्रमण बढ़ता जा रहा है इस कारण विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक था। विद्यार्थियों की अन्य समस्या का भी पता चलेगा। डॉक्टर्स के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। करियर काउंसलर अखिलेश उपाध्याय ने मंच संचालन कर शरीरम खलू धर्म साधनम के दर्शन पर बात की। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय मंडला के डॉक्टर्स ने विद्यालय के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जिन बच्चों में मौसमी बुखार, जुकाम के लक्षण देखे गए उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। जिन बच्चों के स्वास्थ्य में कुछ जटिल समस्याएं परिलक्षित हुई जिला चिकित्सालय आने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में रेडक्रॉस, स्काउट, एनएसएस, इको क्लब ओजस क्लब के बच्चों का विशेष योगदान रहा।

## जन अभियान परिषद ने अपमानजनक तरीके से फेंकी श्री गणेश की प्रतिमा

# जन अभियान परिषद सवालों के घेरे में

*** प्रशिक्षण के दौरान आस्था का भी रखना चाहिये ध्यान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



परिषद ने हिंदुओ के प्रथम आराध्य देव भगवान गणेश की दर्जनों मूर्तियां बनवाईं और महज बारह इंच के पौधे के नीचे असम्मानजनक तरीके से फेककर चलते बने।

एक ओर जहाँ केंद्र और प्रदेश सरकार धर्म और धार्मिक कार्यों में तन मन और धन लगाकर अपनी प्राचीन धर्म संस्कृति को अक्षुण्ण बनाने में लगी है, वही जन अभियान परिषद,, जैसी संस्था सरकार के मंसूबों पर पानी फेरती नजर आ रही है।

### गणेश मूर्ति बनाने के पीछे परिषद का उद्देश्य क्या है

गणेश चतुर्थी के महज एक सप्ताह पूर्व गणेश मूर्ति निर्माण की ट्रेनिंग देना मूर्ति बनाना और फिर इस कला का फायदा उठाये बगैर निर्मित मूर्तियों को अपमानजनक फेककर परिषद ने आमजन को क्या संदेश देना चाहा है ये प्रबुद्ध जनों की समझ से परे है।

अच्छा होता कि परिषद इस कला की शाला को एक डेढ़ माह पूर्व शुरू करता, तब इन मूर्तिकारों की कला में निखार सहित इनको मूर्ति दक्षिणा में कुछ राशि भी मिलती जिससे संगठन के सदस्यों को आर्थिक मदद मिलने के साथ परिषद के उद्देश्य की भी पूर्ति हो सकती थी, और माटी गणेश सिद्ध गणेश, की थीम भी सत्य साबित होती।

ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश में जन अभियान परिषद 1997 से निरंतर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर इनसे जनता को मिलने वाले लाभ का ढिंढोरा पीट रहा है। यह मध्य प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण संगठन है जो स्वयंसेवी संगठनों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण में मदद के साथ ही शासन और जनता के बीच एक समन्वयकर्ता के रूप में भी काम करता है।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का मुख्य उद्देश्य शासन और समाज के बीच एक प्रभावी सेतु के रूप में कार्य करना है। इसके तहत स्वैच्छिक संगठनों को सशक्त और क्षमता संपन्न बनाकर सामाजिक विकास और उत्थान के लिए कार्य करना है। परिषद का लक्ष्य मध्यप्रदेश शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं को प्रदेश के सुदूर अंचलों तक सुगमता से पहुंचाना, सामुदायिक नेतृत्व को विकसित करना, और समावेशी विकास के लिए वंचित वर्गों को अवसर प्रदान करना है। इसके अलावा, प्रस्फुरण और नवांकुर योजनाओं के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वैच्छिक संगठनों का गठन और वित्त पोषण कर सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में कार्य करना भी इसका उद्देश्य है।



लेकिन कई दसक का समय बीत जाने के बावजूद जिले में परिषद के उद्देश्य के अनुरूप किये गये कार्य जमीन पर दिखाई नहीं देते।

परिषद द्वारा हाल में ही ब्लॉक स्तर का निवास में ग्राम विकास समितियों के सक्रियकरण बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें परिषद के जिला स्तर के प्रमुख और खंड स्तर के समन्वयक की उपस्थिति में समितियों के सदस्यों को परिषद के उद्देश्य के अनुसार गांवों में कैसे कार्य करना है ताकि जन सामान्य को सरकारी योजनाओं का फायदा समय पर दिलाये जाने के साथ आमजन को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

इस कार्यक्रम में जिले से आये कलाकारों ने माटी गणेश सिद्ध गणेश, थीम पर आसानी से गणेश प्रतिमा कैसे बनाई जा सकती है का प्रशिक्षण दिया, और कार्यकर्ताओं ने दर्जनभर से ज्यादा गणेश मूर्तियों का निर्माण किया था।

इस घटना से धार्मिक समुदाय में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि भगवान श्री गणेश की मूर्तियों का इस तरह से त्याग करना न केवल अपमानजनक है, बल्कि धार्मिक आस्थाओं के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है। स्थानीय नागरिकों ने जन अभियान परिषद की इस लापरवाही की कड़ी निंदा की है और इसे असंवेदनशील एवं निंदनीय कृत्य बताया है।

### इनका कहना है कि :-

*भाजपा की सरकार पूरे देश में हिंदुत्व और इसकी संस्कृति पर राजनीति करती है, लेकिन देश प्रदेश का दुर्भाग्य है कि इन्ही की गलबहियों से चल रहा जनअभियान परिषद के जिम्मेदार हिंदुओ के आराध्य देवताओं की तौहीन कर रहे हैं, संस्था के वरिष्ठ इन पर कठोर कार्वाई करें।*

**-उदय चौधरी,**
**बसपा जिला प्रभारी मंडला**

## गणेश उत्सव की तैयारियों को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आगामी गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में गणेश उत्सव समितियों और डीजे/साउंड संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में एसडीओपी पीयूष मिश्रा, यातायात प्रभारी ललित धुर्वे, थाना कोतवाली प्रभारी शफीक खान, नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफाडे, और तहसीलदार हिमांशु भलावी तथा पुष्पेंद्र पन्द्रों ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गणेश उत्सव समितियों से पंडाल स्थापना, मूर्ति विसर्जन और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि पंडालों में बिजली के तारों की सुरक्षा रखी जाए एवं लोहे के खम्भों पर विद्युत कनेक्शन सावधानीपूर्वक लगाएं। विद्युत लाइन के नीचे प्रतिमा की स्थापना न करें। प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित कृत्रिम विसर्जन कुंडों में ही किया जाए। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन करें। किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने के पूर्व सक्षम अधिकारी से लिखित में अनुमति प्राप्त करें।

### डीजे साउंड संचालकों के साथ बैठक

डीजे और साउंड सिस्टम संचालकों को ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। उन्हें कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन करने तथा यह भी बताया गया कि रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित होगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित पक्षों ने अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

### एससी/एसटी कल्याण समिति लोकसभा एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते का 25 अगस्त को मंडला आगमन

**मण्डला।** एससी/एसटी कल्याण समिति लोकसभा एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते का 25 अगस्त को दोपहर शाम 4 बजे नारायणगंज जिला मंडला आगमन होगा। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार सांसद श्री कुलस्ते 25 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे जबलपुर से नारायणगंज के लिए रवाना होंगे तथा शाम 4 बजे नारायणगंज पहुंचकर आदर्श मॉडल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में साईकिल वितरण करेंगे। श्री कुलस्ते शाम 5 बजे जेवरा के लिए रवाना होंगे तथा शाम 6 बजे जेवरा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। सांसद श्री कुलस्ते 26 अगस्त को प्रातः 9 बजे जेवरा से नरसिंहपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

## परंपरा अनुसार पोला भड़गा के उपलक्ष में ग्राम गुड़ली में हुआ कबड्डी कुश्ती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



कल पोला भड़गा के उपलक्ष में बिछिया जनपद पंचायत की ग्राम गुडली में कब्बड्डी कुश्ती का सफल आयोजन किया गया, जिसमें गुडली गुनेरा लालिपुर कोको सहित आसपास ग्रामों की टीमों ने भाग लिया यह आयोजन विगत 10-15 वर्षों से लगातार खिलाड़ियों के उत्साह पोला भड़का की उपलक्ष में किया जाता है इस आयोजन के उद्देश्य गांव की बच्चों की एकजुटता का एक प्रमाण है पहले भटकती थे लोग अब एकजुट होकर इन दोनों दिनों का सफल आनंद खेल प्रतिस्पर्धा के द्वारा लिया जाता है इस प्रतिस्पर्धा में कबड्डी कुश्ती जैसे खेल जो लुप्त से होते जा रहे हैं उन खेलों में आज भी ग्रामीण जन निपुण और सुखद आनंद महसूस कर रहे इस अवसर पर एक आयोजन समिति के माध्यम से आज भड़गा त्यौहार के उपलक्ष में हुए इस आयोजन की सफल सराहना की गई इस आयोजन में प्रतिभागी को स्मृति चिन्ह सहित नगद राशि से सम्मानित किया गया इस अवसर पर आज नगर की मुख्य ग्रामवासी मुखिया उत्तम अग्रवाल सुनील गर्ग सहित ग्राम के मुखिया पंच सरपंच सभी उपस्थित थे जिसमें अनिल मरावी, राजकुमार, मनोज मरावी, राजेश परवार, राजेश सोनवानी, संजू मरावी, शिवराज मरकाम, रमेश मरकाम. पुष्पराज आयोजन समिति और ग्राम वासी सतीश मरावी, बुधराम मरकाम उपस्थित रहे।

## कुलगुरू डॉ विनोद मिश्रा का मंडला में हुआ स्वागत

*** जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने किया स्मृति चिन्ह भेंट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रानी अवंती बाई विश्वविद्यालय सागर के कुलगुरू डॉ विनोद मिश्रा के मंडला आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत कर उन्हें साल श्री फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि कुलगुरू मनोनयन के पश्चात उनका प्रथम आगमन से हम गौरवान्वित हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों में हमेशा एक कुशल संगठक और मार्गदर्शक के रूप में वर्षों से उनका सानिध्य जिले के कार्यकर्ताओं को मिलता रहा है। इस अवसर पर सुरेंद्र दुबे सुधीर कसार थामन बरमैया विनय मिश्रा, शिवा रानू राजपूत, सूर्यकांत जांघेला, धर्मराज परिहार,प्रमोद चौरसिया, अंशुमाली शुक्ला, बसंत चौधरी, सत्यम मिश्रा, अभिनव सिहारे, हबीब गौरी, विजय अग्रवाल, आकाश क्षत्री, नीरज कांड्रा, विकास यादव, अमन अग्रवाल,, सुरेंद्र क्षत्री, सावन नीखर,विनय तिवारी, दीपांशु दुबे उपस्थित रहे।



**आयोजन** | **बहिराणा साहिब का पूजन और विशाल भंडारे के साथ हुए आयोजन।**

# श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव का समापन

*** समापन अवसर पर निकली भव्य कलश यात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, 16 जुलाई से आरंभ किया गया चालीसा महोत्सव श्रृद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र रहा, इसमें रोजाना विभिन्न आयोजन किए गए जिसमें प्रत्येक शुक्रवार को महाआरती, सांस्कृतिक आयोजन छप्पन भोग एवं अन्य धार्मिक आयोजन शामिल रहे, शुक्रवार को चालीस दिन पूर्ण होने के पश्चात श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव का समापन किया गया। जिन श्रद्धालुओं ने 40 दिन का व्रत रखा था उनके द्वारा हवन पूजन किया गया एवं आहूति दी,तत्पश्चात भगवान श्री झूलेलाल की आरती की गई,चालीसा अखंड ज्योति दर्शन हुआ,बहिराणा साहिब का पूजन अर्चन किया गया।



### विशेष ड्रेस कोड के साथ निकाली कलश यात्रा

धर्म आस्था प्रेमी महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई एवं बहिराणा साहिब जी की शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई, इसमें महिलाएं विशेष ड्रेस कोड सफेद कुरता एवं लाल दुपट्टे की वेशभूषा में नजर आईं। कलाकारों के द्वारा मनमोहन प्रस्तुति दी गई। महिलाओं ने गरबा डांडिया के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कलश यात्रा में वातावरण भक्तिमय हो गया।कलश शोभायात्रा अंबेडकर वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर पड़ाव,चिलमन चौक, बड़ चौराहा,उदय चौक होते हुए रंगरेज घाट स्थित मां नर्मदा के पावन तट पर आरती, पूजा, अरदास, पल्लव पूजा के साथ संपन्न हुई, तत्पश्चात श्री झूलेलाल मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ, इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल रहे, धर्म आस्था प्रेमियों के लिए आम लंगर की व्यवस्था की गई जिसमें शामिल जनों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

## मण्डला जिले के दो पुलिसकर्मी पुलिस महानिदेशक DGCR अवॉर्ड से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





प्रदेश के 80 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवंबर 2024 माह के लिए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा द्वारा पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं DGCR (Director General's Commendation Roll) अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इसमें मंडला जिले के आरक्षक सुरेश भटेरे, साइबर सेल मंडला एवं आरक्षक पुनीत जंघेला थाना कोतवाली भी शामिल हैं।

शुक्रवार को डीजीपी ने यह सम्मान उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा और अनुकरणीय सेवा को देखते हुए प्रदान किया। मंडला पुलिसकर्मियों के नाम जिला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की अनुशंसा पर भेजे गए थे, जिन्हें डीजीपी ने स्वीकृति दी।

### मंडला जिले से सम्मानित पुलिसकर्मी

आरक्षक सुरेश भटेरे, साइबर सेल मंडला– निरंतर सराहनीय कार्य, तकनीकी दक्षता एवं साइबर अपराधों के प्रकरणों के निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका तथा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, CEIR पोर्टल जैसे विभिन्न जन हितैषी पोर्टल को थाना स्तर पर संचालित करने में अहम भूमिका निभाने हेतु प्रदान किया गया।

आरक्षक पुनीत जंघेला, थाना कोतवाली मंडला– थाना क्षेत्र के प्रकरणों में सक्रिय सहयोग, नई तकनीकों का प्रयोग तथा सर्वाधिक मोबाइल रिकवरी जैसे कार्य किया गया।

यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि मंडला पुलिस के सामूहिक समर्पण, निष्ठा और सेवा भावना का भी प्रतीक है। इस सम्मान से जिले के समस्त पुलिस बल का मनोबल और उत्साह और भी बढ़ा है। उक्त सफलता पर पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा पुलिसकर्मियों को बधाई दी तथा निरन्तर मध्यप्रदेश पुलिस के लिए इसी तरह लगन से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## खबर संक्षेप

### तेंदूखेड़ा छोटा जनशिक्षा केंद्र में संपन्न हुई समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले चीचली विकास खंड के जनशिक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा छोटा में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक में जनशिक्षक संजय सोनी ने सभी विद्यालयों में बाल मोगली उत्सव का आयोजन करने व प्रतिमाह कक्षा 3 से 8 के छात्रों का मासिक मूल्यांकन तथा ओलिंपियाड एग्जाम, एन एम एम एस एग्जाम, नवोदय एग्जाम आदि की तैयारी पर विशेष फोकस करने रहने के साथ ऐट ग्रेड बुक्स पर छात्रों से कार्य करवाने एवं छात्रों को श्रुत लेख का अभ्यास व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करना तथा चाईल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से शाला में नामांकित एवं शाला से बाहर के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्रों का सर्वे करने के आलवा गणवेश हेतु छात्रों के बैंक खाते एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अपडेट करने , एफ एल एन मेला का आयोजन सहित बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना व एफ एल एन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिये गये। वही बताया जाता है कि बैठक में नवभारत साक्षरता सह समन्वयक देवकरण रजक ने ग्राम बसाहट में असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे करने संबंधी निर्देश देने के साथ जनशिक्षा केंद्र प्रभारी तेंदूखेड़ा सतेंद्र सिंह कौरव ने शालेय गतिविधियों के समय सीमा में पूर्ण करने संबंधी निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान पाठक आर एस ठाकुर, रामदास श्रीवास, देवेंद्र नाथ, हरप्रसाद ठाकुर, कमलेश गौंड, साक्षी वैद्य, रामप्रसाद ऊईके, राघवेंद्र राजपूत, देवराज गुर्जर, लक्ष्मी विश्वकर्मा, कमलेश गौंड, संजय वाडिवे, महेश गौंड, अविनाश गौंड, अशोक ठाकुर, बाबूलाल मेहरा, संजय वाडिवे, रामप्रसाद ऊईके, आयुषी लोहिया, नवनीत मेहरा, राघवेंद्र राजपूत, राकेश मेश्राम, अनुज उईके, सत्यम सोनी, राजकुमार ठाकुर, राधेश्याम कौरव, अरविंद कौरव, विष्णु प्रसाद कुटारे, राजश्री बेलवंशी सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद थें।

### नगर में भारी वाहनों पर निर्धारित समय के लिये लागू की जावे नो एन्ट्री



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है। मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है। क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है। वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहित बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है, वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आनाजाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है। मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है, वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है, लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है?

# मूंग का विक्रय किये हुये लम्बा समय बीत जाने के बाद भी किसानों के खाते में पैसा नहीं

## जरूरत पूरी करने के लिये साहूकारों की शरण में पहुंचने मजबूर हुआ अन्नदाता किसान...





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

जहां एक ओर सरकार द्वारा किसानों द्वारा तैयार किये जाने वाले अनाज को उचित दामों पर खरीदने का भरोसा दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों द्वारा पैदा किये जाने वाले अनाज को खरीदने की जो प्रक्रिया अपनाई जाती है वह निश्चित तौर से अन्नदाताओं के साथ एक छलावा साबित होने से नही चूक पाती है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये महिनों में उस समय देखने मिल चुकी है। जब सूरज की तेज तपन के बीच अन्नदाता द्वारा अपने खेतों में रात दिन एक करते हुये गर्मी सीजन की मूंग फसल को तैयार तो कर लिया गया था। मगर सरकार से जुडे हुये लोग इस मूंग को जहरीली बताते हुये खरीदने से इंकार कर दिया गया था। यह बात सुनकर जहां माटीपुत्रों के पैरों तले जमीन खिसकने से नही चूक पाई थी। क्योंकि किसान अपनी फसलों में उन दबाईयों का उपयोग करती है जो शासन द्वारा निर्धारित करते हुये दुकानों पर विक्रय की जाती है। जब पूरे मापद दंडो से तैयार होने वाली दबाईयों का बाजार में विक्रय किया जा रहा है तो फिर उनका उपयोग करने से किसानों द्वारा पैदा की जाने वाली फसल जहरीली कैसे हुई..? इसके बाद किसी तरह सरकार द्वारा किसानों की गर्मी सीजन मूंग को समर्थन मूल्य पर खरीदने का मन तो बना लिया गया था। मगर अपनी मूंग फसल का विक्रय करने के लिये किसानों को किस तरह परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है यह सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी..? क्योंकि क्षेत्र के शायद ही ऐसा कोई बेयर हाऊस शेष नही रहा होगा जहां पर किसानों द्वारा खून पसीना एक करते हुये तैयार की गई मूंग फसल पर सर्वेयरों ने गुणवत्ता को लेकर सबाल खड़े नही किये गये हो..? इस तरह अन्नदाता को ट्रालियों में भरकर एक एक सप्ताह तक बेयर हाऊसों के सामने खडे रहने के बाद लक्ष्मी पूजन के भरोसे गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिये मजबूर होते हुये देखा गया है..? इस तरह बड़ी मुशिकलों के बीच किसानों की मूंग फसल का विक्रय तो हो चुका है। मगर अब अन्नदाताओं को मूंग फसल की राशि प्राप्त करने के लिये शासकीय कार्यालयों से लेकर बैकों के चक्कर काटते हुये देखा जा रहा है। मूंग विक्रय हुये काफी लम्बा समय बीत जाने के बाद भी किसानों के खातों में पैसा नही आने से किसानों को अपनी जरूरते पूरी करने के लिये साहूकारों शरण में पहुंचकर कर्ज लेते हुये देखा जाने लगा है। क्योंकि किसानों द्वारा अपने खेतों में तैयार की गई मूंग को कीटों से बचाव को लेकर दुकानों से उधार में खरीदी गई सामग्री इस बात को भरोसा दिलाते हुये की गई थी कि मूंग विक्रय होने के बाद पैसा चुका दिया जावेगा। इस स्थिति में उधारी को लम्बा समय होने जाने के चलते जहां दुकानदार भी उधार ली गई सामग्री पर ब्याज जोड़ने लगे है। वही दूसरी ओर चल रहे बरसात की सीजन में निश्चित ही किसानों को अपने खेतों में दूसरी फसलों की सुरक्षा सबंधी सामग्री सहित अन्य व्यवस्थाय बनाने के लिये पैसों की जरूरत रहती है। वही यह मौसम बीमारियों भरा होने के कारण लोगों के घरों में बयारल बुखार सहित अन्य प्रकार की बीमारियाँ फैलने के कारण परिजनों के उपचार सहित अन्य कार्यो के लिये पैसों की जरूरत पड़ने से अन्नदाता अपने बैक खातों को प्रतिदिन इस उम्मीद के साथ चेक करते हुये देखा जा रहा है कि शायद उनके खातें में विक्रय की गई मूंग का भुगतान आ गया होगा। मगर पैसा नही आने से अन्नदाता को बैकों से मायूस होकर लौटने के लिये मजबूर हो गया है। वही दूसरी ओर जरूरते पूरी करने के लिये साहूकारों की शरण में पहुंचकर मनमाने ब्याज दर पर कर्ज उठाते हुये देखा जाने लगा है। जबकि शासन द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी गई मूंक के दौरान उन्हे प्रदान की गई पर्ची में यह बात स्पष्ट रूप से लिखी हुई है कि इस रसीद के अनुसार खरीदी गई अनाज की मात्रा स्वीकृति पत्रक जारी होने 7 दिन के भीतर आपके आधार से लिंक बैंक खाते में भुगतान की राशि भेंज दी जावेगी। मगर इस बात को कई सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी आज तक अनेक अन्नदाता द्वारा विक्रय की गई मूंग की राशि प्राप्त नही होने के कारण वह परेशान होते हुये कर्ज के बीझ तले दबने के लिये मजबूर हो रहा है। इस संबंध में जब किसानों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि शासन द्वारा किसानों की जो मूंग खरीदी गई थी उस समय कहा गया था कि शीघ्र मूंग का भुगतान खातों में शीघ्र ही आ जावेगा। मगर कई सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी राशि नही आने के कारण अब अपनी जरूरत पूरी करने के लिये साहूकारों से कर्ज लेने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि किसान के पास आय का अन्य कोई दूसरा साधन तो होता नही है। वह तो अपने खेतों में पैदा होने वाली अनाज के भरोसे ही निर्भर रहता है। एक फसल को विक्रय करने के बाद दूसरी फसल को लगाने की तैयारी में जुटा रहता है। यदि उसी फसल का भुगतान समय पर न मिले तो उसे कर्ज लेकर दूसरी फसल की तैयार करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इसी प्रकार से मूंग का विक्रय किये हुये लम्बा समय बीत जाने के बाद भी मूंग की राशि प्राप्त नही होने पर हम किसानों की स्थिति बन रही है।

# मिलाद-उन- नवी सहित गणेश विसर्जन के दौरान डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



आने वाले गणेश उत्सव तथा जैन धर्म व मुस्लिम भाईयों के मिलाद उन नवी त्यौहारों को लेकर प्रशासन द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक के आलवा प्रशासन के अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक, तहसीलदार प्रियंका नेताम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर के पार्षद सहित अन्य गमणमान्य लोग मौजूद रहे। वही अधिकारियों द्वारा गणेश उत्सव के संबंध में नगरवासियों से अपने सुझाव मांगे गये। गणेश उत्सव शांति पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर अधिकारियों द्वारा नगर में सभी प्रकार के प्रबंध करने के लिये अपनी ओर से भरोसा दिलाया गया। वही अपेक्षा जताई कि गणेश उत्सव समिति अपने पंडालों में बिजली विभाग के पास निर्धारित राशि जमा करते हुये अस्थाई कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग करे। वही विद्युत साज सज्जा के दौरान विशेष सुरक्षा का ध्यान रखे। गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिये सड़को पर निकलने वाली भीड़ के दौरान बडे वाहनों को रात में आवाजाही पर रोक लगाने की बात कही गई। वही दूसरी ओर इसके आलवा अन्य मुद्दूों पर भी चर्चा की गई। वही गणेश उत्सव पर्व को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये नगर में साफ सफाई व्यवस्था सहित बिजली कटौती पर चर्चा करते हुये अधिकारियों द्वारा संबंधित विभाग के प्रमुखों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। वही रात के समय स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमाओं के पास समिति के लोग रूकने की व्यवस्था बनाये। वही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान नगर पालिका द्वारा बनाये जाने वाले विसर्जन कुंड में शांति पूर्वक प्रतिमाओं को ले जाकर उनका विसर्जन किया जावे। गणेश उत्सव के दौरान पड़ने वाले डोल ग्यारस के मौके पर जरूरत के हिसाब से व्यवस्था बनाने की बात कही गई। गणेश उत्सव तथा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सहित अन्य दूसरे जुलूस निकालने जाने के समय डीजे के उपयोग पर पूर्णरूप से प्रतिबंध रहेगा। इस वर्ष गणेश उत्सव के दौरान जैन समुदाय तथा मुस्लिम भाईयों का मिलाद उन नवी त्यौहार भी पड. रहा है। इसको लेकर अधिकारियों द्वारा निर्णय लेते हुये सख्त लहजे में कहा गया कि डीजे का उपयोग न तो मिलाद- उन -नवी पर होगा और न ही गणेश विसर्जन के दौरान। जरूरत के किसाब से मात्र दो छोटे वक्सों का उपयोग ही किया जावेगा। वही दूसरी ओर मौजूद गणमान्य लोगों द्वारा बैठक के दौरान अपनी ओर से दिये गये सुझावों के दौरान मुख्य रूप से नगर में जहां तहां खुले में विक्रय होने वाली मांस मछली के आलवा नगर की मॉडल रोड के किनारे फैल रहे अतिक्रमण सहित मुख्य सड़को पर लोगों द्वारा अपने घरों के सामने वाहन खड़े किये जाने तथा सड़को पर भवन निर्माण सामग्री रखे जाने के मुद्दा प्रमुखता से उठाये जाने पर नगर पालिका अधिकारी द्वारा कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर पालिका अधिकारी से कहा गया कि वह सख्त कार्यवाही करे यदि कही जरूरत पड़ती है तो पुलिस मदद के लिये तैयार रहेगी। वही शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुये नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा कहा कि हमारे नगर में सभी प्रकार के त्यौहार बडे ही धूमधाम व मिल जुलकर मनाने की परम्परा रही है। इस बार भी उस परम्परा के तहत मनाया जावेगा। वैसे भी देखा जावे तो त्यौहारों को लेकर युवाओं में अधिक जोश रहता है। युवाओं से अपेक्षा है कि वह पूर्ण जोश के साथ धार्मिक त्यौहार मनाये। डीजे की जगह अन्य प्रकार शहनाई ढोल का उपयोग करते हुये एक मिशाल कायम करना चाहिये। डीजे पर वैसे भी मा उच्चत्तम न्यायालय का प्रतिबंध है। वही डीजे के उपयोग के दौरान ध्वनि प्रदूषण तो होता ही है साथ ही साथ विवाद की स्थिति पैदा होने से नही चूकती है। सभी से अपेक्षा है कि इस बार डीजे की जगह अन्य प्रकार के बाजों का उपयोग करे।

# सीईओ जिला पंचायत द्वारा चावरपाठा विकास खंड की शिक्षण संस्थाओं सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण, कमी पाये जाने पर नोटिस जारी





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने विगत दिवस चावरपाठा के अंतर्गत आने वाली शासकीय शालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन विद्यालयों में चल रही शिक्षण व्यवस्था का छात्र- छात्राओं से कक्षा में शैक्षणिक संवाद करते हुये शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। बताया जाता है कि गाडरवारा तहसील क्षेत्र के जन शिक्षा केंद्र खुरसुरु की शासकीय प्राथमिक शाला समांरिया, एकीकृत माध्यमिक शाला मढ़ेसुर, शासकीय प्राथमिक शाला गौरास में उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला समांरिया में दो शिक्षक में से एक शिक्षक संतोष कुमार सोनी 21 अगस्त से अनुपस्थित रहने पर वेतन काटने के निर्देश दिए। वही छात्र- छात्राओं के शैक्षणिक स्तर कमजोर एवं अभ्यास पुस्तिका की विधिवत जांच नहीं पाए जाने पर एक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी के निर्देश दिए। इसी प्रकार से शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मढ़ेसुर में दर्ज 92 में से 53 छात्र- छात्राओं की उपस्थिति कम मिलने एवं चार शिक्षकों में से एक अतिथि शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के शैक्षणिक स्तर संतोषप्रद नहीं पाए जाने एवं अभ्यास पुस्तिका की विधिवत जांच एवं सप्ताह के दिवस अनुसार शैक्षणिक कार्य न मिलने पर शैक्षणिक कार्य में लापरवाही पर प्राथमिक शिक्षक वहीद खान, विपाल सिंह चौहान एवं माध्यमिक शाला में अंग्रेजी में छात्रों का स्तर कमजोर होने पर श्रीमती शशि शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला गौरास में का भी निरीक्षण किया गया। जन शिक्षा केंद्र सिहोरा की एकीकृत माध्यमिक शाला गरहा व एकीकृत माध्यमिक शाला अजंसरा का निरीक्षण करने के साथ एकीकृत माध्यमिक शाला गरहा में छात्र- छात्राओं की दर्ज के अनुसार उपस्थिति कम एवं अभ्यास पुस्तिका पर छात्र- छात्राओं को कार्य कराकर जांच नहीं करने तथा कक्षा तीसरी व चौथी एवं पांचवीं के छात्र- छात्राओं के अंग्रेजी के शैक्षणिक स्तर कमजोर होना पाया गया। सभी प्राथमिक शिक्षकों को एवं माध्यमिक शाला में बच्चों से गणित विषय के प्रश्न पूछने पर छात्र- छात्राओं का स्तर कमजोर मिलने पर गणित शिक्षक नन्द किशोर साहू को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। एकीकृत माध्यमिक शाला अजंसरा में माध्यमिक शाला में गणित विषय पर बच्चों से सवाल नहीं बनने पर अतिथि शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी के निर्देश दिए। वही कम उपस्थिति वाले विद्यालयों के संस्था प्रमुख को उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों से सतत संपर्क करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार से ग्राम मढ़ेसुर की आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। जहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने बताया गया कि बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों अनुपस्थिति को लेकर दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश दिये गये।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड द्वारा आयोजित की गई बैठक



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

स्थानीय वृंदावन गार्डन में बीते हुये दिवस विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विहिप जिला उपाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, विहिप जिला मंत्री रामकुमार लोधी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष राजपूत की उपस्थिति में बजरंग दल टोली का निर्माण किया गया । वही विहिप द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को सबके सामने रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से नशा मुक्ति, नैरेटिव जैसे अनेकों समाज हितैषी कार्यों में अपना सहयोग बजरंग दल के माध्यम से प्रशासन को सहयोग करने पर बल दिया गया। वही सरकारी मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं मंदिरों की जमीन को कब्जा मुक्त कराने हेतु विहिप द्वारा सामाजिक सहयोगी के माध्यम से समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। आयोजित बैठक में प्रखंड एवं नगर टोली का गठन किया जिसमें अंकुर गुप्ता चीचली प्रखंड उपाध्यक्ष, अनिकेत घारू गौ रक्षा प्रमुख, नगर उपाध्यक्ष रामकिशोर बजाज एवं सोनू सोनी, नगर मंत्री राकेश कुशवाहा एवं नगर संयोजक वंश कौरव को विहिप बजरंग दल की जिम्मेदारी सौंपी गई। आयोजित बैठक में बजरंग दल के जिला बल उपासना प्रमुख शिवा धानक, प्रखंड उपाध्यक्ष राजा खड़ेतिया, प्रखंड संयोजक बजरंग दल रोहित ठाकुर सहित विहिप बजरंग दल के दायित्वान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने के लिये नवाचारी शिक्षक पटैल की चेतना यात्राएं जारी

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** समाज में फैली हुई बुराईयों से लोगों के लिये जागरूक करते हुये उनसे दूर रहने के लिये एक शिक्षक द्वारा जिस तरह से मुहिम छेड़ी गई है वह गांव गांव भ्रमण करते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि गत रविवार को ग्राम पंचायत पीपरपानी में राजकीय सम्मान प्राप्त शिक्षक हल्के वीर पटेल ने समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने, ढोल बाजों के साथ सामाजिक चेतना यात्रा निकाली गई।



अपनी शाला में बच्चों का भविष्य संवार रहे , शासकीय प्राथमिक शाला उसराय में प्राथमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत नवाचारी शिक्षक हल्के वीर गांव -गांव में जाकर अवकाश के दिनों में सामाजिक जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। अपनी शाला में जहां एक ओर 6 कार्य दिवसों में नवाचारों से परिपूर्ण उत्कृष्ट शिक्षण कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में किसी एक या दो गांव या शहर में जाकर समाज में शिक्षा की अलख जगाई जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये रविवार को अवकाश के अवसर पर शिक्षक पटेल द्वारा निर्मल ग्राम पंचायत पीपरपानी में ग्राम की गली - गली में सामाजिक जनचेतना यात्रा निकाली गई। कहते हैं कि शिक्षक समाज को दिशा देने वाला पथ प्रदर्शक होता है। यह सच्चाई शिक्षक पटैल में देखने मिल रही है जो समाज कल्याण की भावना से निस्वार्थ भाव से उक्त प्रेरणा का काम कर रहे हैं। इस तरह अपने अपने गांव में शिक्षक द्वारा की गई इस सकारात्मक पहल की पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मपाल सिंह तोमर एवं ग्राम पंचायत सरपंच दृगपाल सिंह तोमर ने सराहना करते हुए आभार जताया है। वही गांव के पं. मधुसूदन पाराशर, द्वारका प्रसाद पाराशर, चंद्रहास सिंह तोमर, सोनू अग्रवाल, शोभाराम ठाकुर, निरंजन सिंह राठौर, राकेश सिंह राठौर, भागचंद अहिरवार, सचिव, जीआरएस व ग्राम कोटवार सहित बड़ी संख्या में नवयुवा एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दादा धूनी नगरी साईखेड़ा में आयोजित हुई बीपीएमयू बैठक



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

विकास खंड सांईखेड़ा के जनपद शिक्षा केंद्र में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक में बीआरसी साईखेड़ा संदीप स्थापक ने सभी ग्राम/बसाहट में चाईल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से शाला में नामांकित एवं शाला से बाहर के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्रों का सर्वे पूर्ण करने तथा गणवेश हेतु छात्रों के बैंक खाते एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अपडेट करने तथा मेंटरिंग, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करने के आलवा एफ एल एन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, पुस्तक रिसीविंग इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिये गये। वही बैठक में उपस्थित बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजोरिया ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ साथ शाला संचालन में नियमितता, नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के फॉर्म भरने, मैपिंग प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल पर कार्य संबंधी चर्चा की गई। इस बैठक मे एमआईएस वेदप्रकाश राजपूत, लेखापाल दीपक आरसे सहित समस्त जनशिक्षकों की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

### गुमशुदा नाबालिग बालिका सकुशल बरामद

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित नाबालिग गुमशुदगी के मामलों की समीक्षा के बाद जिलेभर में सर्च अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में गोहपारू पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपने में सफलता हासिल की। मामला 21 मार्च 2025 का है, जब अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत परिजनों ने थाना गोहपारू में दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और परिजनों से मिली अहम जानकारी के आधार पर लगातार पतासाजी की। लगातार प्रयासों के बाद 23 अगस्त 2025 को गोहपारू पुलिस ने नाबालिग बालिका को ग्राम टेटकी, थाना गोहपारू से बरामद कर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### करंट हादसा, दो चचेरे भाइयों की मौत

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के धनगवां गांव में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। घर की बिजली सुधारते समय करंट की चपेट में आए युवक को बचाने के प्रयास में उसका बड़ा भाई भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, धनगवां निवासी पी.के. सिंह उम्र 26 वर्ष घर की लाइट सुधार रहे थे। इसी दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गए। पास ही मौजूद उनके बड़े भाई राकेश सिंह उम्र 40 वर्ष ने छोटे भाई को बचाने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान वह भी करंट की चपेट में आ गए। परिजनों ने तत्काल मुख्य बिजली सप्लाई बंद कर दोनों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि डॉक्टरों ने प्रयासों के बावजूद दोनों की जान नहीं बचा सके। पुलिस ने बताया कि मृतक दोनों आपस में चचेरे भाई थे और पास-पास ही रहते थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। दोनों भाइयों की असामयिक मौत से गांव और परिजन शोक में डूब गए हैं।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छात्र-छात्राओं को वितरित की गई साईकिलें

**शहडोल।** प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय स्कूलों मे पढने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधा नहीं हो के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश, मध्यान्ह भोजन आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसे विद्यार्थी जिनके घर की दूरी शाला से 2 किलोमीटर से अधिक है को निःशुल्क साईकिलें उपलब्ध कराई जाती हैं। यह सुविधा कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में पढने वाले विद्यार्थियों को दी जाती है।

### आदित्य हॉस्पिटल में अब प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे न्यूरो सर्जन डॉ. सूर्यम द्विवेदी

**शहडोल।** स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में शहडोल संभाग के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। अब जिले के लोगों को मस्तिष्क और रीढ़ की गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। आदित्य हॉस्पिटल, रीवा रोड शहडोल में अब प्रतिदिन न्यूरोसर्जन डॉ. सूर्यम द्विवेदी (एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी न्यूरोसर्जरी) अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. सूर्यम द्विवेदी, जो पहले फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली में अपनी विशेषज्ञ सेवाएं दे चुके हैं, अब आदित्य हॉस्पिटल शहडोल में मरीजों का इलाज करेंगे। वे मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी गंभीर बीमारियों जैसे गर्दन एवं कमर दर्द, नसों का कमजोर होना, झुनझुनी, स्लिप डिस्क, सियाटिका, स्पाइन ट्यूमर, स्पाइन सर्जरी, सिर की चोट, ब्रेन हेमरेज, हेड इंजरी, लकवा, मिर्गी, माइग्रेन, बच्चों में सिर बड़ा होना या पानी भरना आदि का आधुनिक उपचार उपलब्ध कराएंगे। ब आपातकालीन स्थिति जैसे हेड इंजरी, ब्रेन हेमरेज और स्पाइन इंजरी के मरीजों को बाहर बड़े शहरों में रेफर करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह सुविधा शहडोल संभाग के लिए बड़ी राहत है। आदित्य हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आदित्य द्विवेदी ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि संभाग के मरीजों को सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं यहीं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि गंभीर बीमारियों में समय पर बेहतर इलाज संभव हो सके। शहडोल आगमन पर डॉ. सूर्यम द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल से शिष्टाचार मुलाकात कर अपनी सेवाएं आदित्य हॉस्पिटल में प्रतिदिन देने की जानकारी दी।

# प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सुरक्षा के निर्देश

## जिले में हो रही लगातार बारिश से नर्मदा नदी सहित नदी-नाले उफान पर

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी





जिले में हो रही लगातार बारिश के चलते नदी नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। छोटे-बड़े नदी-नाले उफान पर हैं और नर्मदा नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। नर्मदा किनारे बने मंदिर एवं घाट जलमग्न हो चुके हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नर्मदा किनारे एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमें तैनात की गई हैं। कई स्थानों पर पुल के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे आवागमन बाधित हुआ है। जिला प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए लगातार पल-पल की जानकारी एकत्रित कर रहा है। प्रभारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने रविवार को डिंडोरी मुख्यालय सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने डेम घाट, बड़ा पुल, इमली कुटी घाट, और जोगी टिकरिया घाट जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे जलमग्न पुल-पुलियों पर आवागमन न करें तथा नर्मदा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए किनारे पर जाने से बचें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुजन भी दूर से ही मां नर्मदा नदी का दर्शन करें और स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

# क़स्बा शाहपुर मुक्तिधाम की समस्या को लेकर बजरंग दल ने दिया ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला समित के पदाधिकारी एवं संगठन के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र विश्वकर्मा तथा कस्बा शाहपुर ग्राम निवासियों ने मिलकर पूर्व कैबिनेट मंत्री भाजपा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे को पूर्व में की गई मांगो का ज्ञापन पुनः देते हुये मांग किया की क़स्बा मुक्तिधाम परिसर में मूलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों के लिये जल्द रोड, बिजली पानी, नाली साफ सफाई जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को पूरा करने की मांग की जिलाध्यक्ष ने कहा पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी डिंडोरी से ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया था जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा आश्वासन देते हुये जल्द से जल्द मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने कहा गया था लेकिन आज तक कोई व्यवस्था न होने के चलते विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से जिला भाजपा कार्यालय में मिलकर संगठन एवं ग्रामवासियों ने पुनः मांग की जिसमें विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने मामले में तुरंत कार्यवाई करने की बात कही है।

# एसडीएम ने बालक छात्रावास का किया औचक निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर में बजाग एसडीएम रामबाबू देवांगन ने बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में सर्वप्रथम छात्रों की दर्ज संख्या उपस्थिति, के बारे में पूछताछ करते हुए शौचालय,रसोईघर,व सामग्री स्थल का बारीकी से मुआयना करते हुए दाल ,चावल, गेहूं और अन्य खाघ सामग्री की जांच पड़ताल किया।इस दरमियान मिक्स दाल पाएं जाने पर अधीक्षक और रसोइया को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि शासन प्रशासन ने जो मीनू तय किया हैं बच्चों को उसी के अनुरूप भोजन और नाश्ता दिया जाएं, उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के बारे में भी जानकारी लेते हुए परिसर में और कैमरे लगाने कहा, अग्निशमन यंत्र के वर्तमान की स्थिति को देखा। इसके उपरांत छात्रवासी बच्चों से मुखातिब होते हुए खाने की गुणवत्ता और समय-सारणी के बारे में जानकारी प्राप्त किया तो बच्चों ने संतोषजनक जवाब दिया वहीं सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज पाया गया। उन्होंने अधीक्षक को कहा कि भवन और शौचालय की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

# शहपुरा में पारंपरिक कुश्ती दंगल

## विधायक ने विजेताओं का किया सम्मान



शहपुरा

शहपुरा नगर में आयोजित पारंपरिक कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दमखम का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए कुल 31 पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से अखाड़े में खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं वेद कुलस्ते सहित अन्य आयोजकों ने विजेता पहलवानों को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विजेताओं को फूल-मालाएं पहनाकर और शील्ड भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। प्रतियोगिता के कुमार वर्ग में ग्राम डुकरी धनगांव के दिनेश यादव विजेता बने, जबकि शहपुरा नगर के करन यादव उपविजेता रहे। वहीं शेरे-कुश्ती के खिताब के लिए शहपुरा नगर के राहुल और डुकरी धनगांव के सरवन ने शानदार मुकाबला पेश किया। मंच पर मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन स्थल पर क्षेत्रीय जनता की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे जोश व उत्साह के साथ पहलवानों का हौसला बढ़ाया। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रकार के पारंपरिक आयोजन न केवल युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को भी जीवित रखते हैं।

**गोरखपुर का सरकारी मिडिल सहित हायर व हाई स्कूल में कई वर्षों से प्राचार्य सहित विषयवार शिक्षक जैसे पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं**

# ऐसे में कैसे पढ़ेगा-बढ़ेगा इंडिया, प्राचार्य से लेकर विषयवार शिक्षकों की कमी से जूझ रहा कस्बा का सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज-डिंडौरी



जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर का सरकारी मिडिल सहित हायर व हाई स्कूल में कई वर्षों से प्राचार्य सहित विषयवार शिक्षक जैसे पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं इन पदों पर लंबे समय से किसी की नियुक्ति नहीं किए जाने से विघार्थियों के पढ़ाई का स्तर किस दर्जे का होगा, सहज अंदाजा लगाया जा सकता हैं गौरतलब हैं कि यह वहीं हाईस्कूल हैं जिसमें कभी छात्रों को प्रवेश मिलना मुश्किल होता था यह उन दिनों की बातें हैं जब इस स्कूल का पढ़ाई को लेकर पूरे क्षेत्र में ख्याति व्याप्त थी लोग भर्ती होने के लिए सिफारिशें करवाते थे लेकिन वर्तमान में इस स्कूल की स्थिति और शिक्षकों के साथ संसाधनों की कमी के चलते यह ऐतिहासिक स्कूल अपने उस गरिमा के कई पायदानों से उतरकर दुर्दशा की कहानी खुद बयान कर रहा हैं बहरहाल यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक हैं कि वर्तमान के क्षेत्रीय विधायक ओंमकार मरकाम अपने छात्र जीवन में इसी स्कूल में पढ़ाई कर चुके हैं अब आगे यह देखना दिलचस्प होगा कि वह यहां के स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था बनाने में कितना दिलचस्पी लेते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल में प्राचार्य व शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए वे विगत वर्ष प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते विधायक ओंमकार मरकाम से मांग कर चुके हैं मगर मांग के अनुरूप पूर्ति नहीं किया गया लिहाजा स्थानीय नागरिक इस बात को लेकर नाखुश हैं जबकि विभागीय अधिकारियों ने भी इस समस्या पर संज्ञान नहीं लिया जबकि जनपद में बैठे जवाबदार से लेकर जिला मुख्यालय तक के अधिकारी भलीभांति जानते हैं मगर आज तक किसी ने कोई प्रयास नहीं किया लिहाजा वहीं रवैया अभी भी बरकरार है।

वर्तमान में स्कूल में प्रभारी प्राचार्य को मिलाकर पांच नियमित शिक्षक हैं जिसमें एक शिक्षक डायलिसिस पर हैं, देर से आकर जल्दी चले जाते हैं, भूगोल के शिक्षक महीने में एक दो बार क्लास ले लिए तो भाग्य हैं वरना प्राचार्य की अनुपस्थिति में यह उस दायित्व में रहते हुए कक्षा में पढ़ाना शान के खिलाफ समझते हैं दो शिक्षक एक ही विषय के हैं ऐसे अराजक माहौल में कैसे अच्छी पढ़ाई की उम्मीद किया जा सकता हैं विचारणीय है। प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में विभाग ने इतने बड़े स्कूल के प्रबंधन की व्यवस्था प्रभारी प्राचार्य के भरोसे सौंप रखा है यहां मिडिल में एक शिक्षक हायर व हाई स्कूल में तीन आर्टस और दो साइंस की शिक्षक/शिक्षिका हैं जबकि छठवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं के लिए विषयवार प्रशिक्षित शिक्षक प्राचार्य,व लैब असिस्टेंट, पीटीआई के लिए शासन से लगभग 25 पद स्वीकृत हैं ऐसे में यह सवाल आता हैं कि आखिर किस मंशा से यहां रिक्त पदों पर अभी तक भर्ती नहीं किया गया क्या यहां के प्रभारी प्राचार्य ने नियमित और विषयवार शिक्षकों की पूर्ति के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया और यदि कराया गया तो फिर किस की लापरवाही से अभी तक पद खाली पड़े हैं बड़ा प्रश्न हैं लंबे समय से सरकारी स्कूल में जीव विज्ञान रसायन शास्त्र,भौतिक शास्त्र गणित अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं है लैब का जानकार नहीं हैं तो यहां के बच्चों को साइंस की पढ़ाई और प्रेक्टिकल से संबंधित जानकारी कौन और कैसे प्रदान कर रहा है बच्चे साइंस विषय के कैसे जानकार बनेंगे यह बेहद हास्यास्पद है लिहाजा मजे की बात तो यह है कि इन विषयों के बच्चे प्रतिवर्ष पास भी हो रहें हैं।बहरहाल वर्षो से प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी से जूझ रहे इस स्कूल की पढ़ाई और विघार्थियों की बौद्धिक क्षमता के विकास का आंकलन सहज किया जा सकता हैं यघपि इन पदों पर लंबे समय से भर्ती न कर कामचलाऊ पद्धति से काम कराना संदेह प्रकट करता हैं ।

**प्रशासन से मांग -**

स्कूल के मौजूदा हालात को लेकर अभिभावक एक ओर जहां अपने बच्चों के भविष्य को लेकर तथा शिक्षाध्ययन के लिए चिंता ग्रस्त हैं तो दूसरी ओर विभाग और जवाबदारों की उदासीनता से नाराज हैं इनका कहना है कि सरकार सरकारी स्कूलों की दिशा दशा सुधारने लगातार प्रयास कर रहा है अरबों रुपए के बजट के साथ तमाम संसाधन उपलब्ध है बावजूद इसके स्कूलों में पढ़ाई का माहौल नहीं है। यहां के स्कूल के जो शिक्षक हैं उन्हें विघाध्ययन करवाने के अलावा राजनीति में ज्यादा ध्यान लगाते हैं इस कारण से यहां के स्कूल विनाश के अंतिम छोर पर पहुंच चुका हैं इसलिए हम सभी अभिभावक गण जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि यहां सभी रिक्त पदों पर अविलंब नियमित प्राचार्य सहित प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति कर बेहतर शिक्षा का माहौल बनवाएं ताकि यह स्कूल अपने पुराने गरिमा को प्राप्त कर सकें।

राजनीतिक दलों का मौन हैरान करने वाला -आमतौर पर देखा जाता हैं कि राजनीतिक दलों के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य,और जनहित के मुद्दों पर अपनी आवाज मुखर कर समस्याओं का समाधान करने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं लेकिन गोरखपुर के हाईस्कूल के बारे में किसी नेता या जनप्रतिनिधि ने अब तक खुलकर यह नहीं कह सकें कि शिक्षक की व्यवस्था तत्काल करवाते हैं जबकि वर्तमान में जिले के दोनों विधायक इसी जनपद से आते हैं जिला पंचायत अध्यक्ष भी इसी क्षेत्र से विजय होकर चुने गये हैं बावजूद शिक्षकों के इंतजाम नहीं किये जा रहें हैं यघपि जनप्रतिनिधियों का यह मौन हैरान कर देने वाला है नागरिकों का मानना हैं कि शासन प्रशासन तक हमारी बात रखने वाले ही यदि निष्क्रियता दिखाएंगे तो फिर हम किस पर भरोसा करें।

**इनका कहना-**

हमारे ग्राम के स्कूल की स्थिति निरंतर बद से बदतर होते चली जा रही है,यहां के प्राचार्य और सहायक प्राचार्य अपने चहेतों को अतिथि शिक्षक रख रहे जो कि पर्याप्त योग्यता भी नहीं रखते,नतीजा आप हमारे सामने है गोरखपुर ग्राम से पिछले 12,13 साल से विद्यालय में पढ़े किसी भी छात्र/छात्रा का शासकीय सेवा में चयन नहीं हुआ।हमारी मांग है कि नागरिकों की मांग को स्वीकार कर प्राचार्य एवं संबंधित शिक्षको की भर्ती तत्काल की जावे।

**पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं युवा नेता भुनेश्वर हस्तपुरिया**

### यथास्थान में हो नवीन तहसील भवन निर्माण का कार्य - मनोज दुबे

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मनोज दुबे (पूर्व महामंत्री भा.ज.पा नगर मंडल अनूपपुर द्वारा बताया गया है कि जिला मुख्यालय में तहसील भवन के निर्माण में हो रही लेट लतीफी को लेकर नागरिकों में असंतोष फैलता जा रहा पूर्व में नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जिले के गणमान्य नागरिकों को आश्वाशन नवीन तहसील भवन निर्माण का दिया गया था जो आज दिनांक तक प्रारंभ नहीं हुआ है नगर के नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ नहीं हुआ तो हमें जमीन पे उतरकर इसे जन आंदोलन धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल करना पड़ा तो हम करेंगे।

# एक सितंबर को संकल्प दिवस के रूप में मनायेगा शिक्षक संघ

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान 24 अगस्त को शासकीय उच्च.माध्य.विद्या.कन्या अनूपपुर में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय निगम की अध्यक्षता में जिला इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। जिसे संकल्प दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की प्रदेश इकाई के निर्देशन में जिले के सभी विद्यालयों में 1 सितंबर 2025 को "हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान एक संकल्प दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस दिन प्रदेश के सभी विद्यालय में यह कार्यक्रम को आयोजित किया जाएगा। जहां सभी शिक्षक अपने पदीय दायित्वों के समुचित निर्वाहन का संकल्प लेंगे। बैठक में संभागीय संगठन मंत्री डॉ नरेंद्र पटेल, जिला सचिव शिलबंत तिवारी, जिला संगठन मंत्री मिथलेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण मौर्य, नगर इकाई के अध्यक्ष अमिता मरावी, ब्लाक जैतहरी अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, तहसील इकाई जैतहरी के अध्यक्ष केशकली राठौर, पुष्पराजगढ़ तहसील अध्यक्ष जीनाचंद संत के साथ मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस की छापामार कार्यवाही में 9 जुआरी धराये, 6 बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।

जिले के थाना राजेन्द्रग्राम पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 0/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शक्ति कुमार पांडे के कन्या परिसर राजेंद्रग्राम के आवास में कुछ व्यक्तियों द्वारा ताश के पत्तों से रुपए पैसों की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम रवाना होकर रेड करवाई की गई। रेड कार्यवाही दौरान 9 जुआरी भारत नायक पिता हीरालाल नायक उम्र 20 वर्ष निवासी सकरा थाना अनूपपुर, शक्ति कुमार पांडे पिता शिव कुमार 58 वर्ष निवासी कन्या परिसर राजेंद्रग्राम, चंद्र कुमार जायसवाल पिता गणेश लाल उम्र 39 वर्ष निवासी धीरुटोला, कमला प्रसाद पिता राम प्रसाद जायसवाल उम्र 42 वर्ष निवासी किरगी, कुंदन सिंह पिता अमोल सिंह गोड उम्र 40 वर्ष निवासी बसनिया, रामसागर पांडे पिता शेषमणि पांडे उम्र 58 वर्ष निवासी राजेंद्रग्राम, भूपेंद्र मिश्रा पिता गोविंद प्रसाद उम्र 48 वर्ष निवासी किरगी, देवेंद्र जायसवाल पिता छोटेलाल जायसवाल उम्र 43 वर्ष निवासी राजेंद्रग्राम, शीलबंत प्रसाद तिवारी पिता एसएस तिवारी उम्र 52 वर्ष निवासी किरगी, ताश के 52 पत्ते, 20600 रुपए नगद तथा 6 मोटरसाइकिल जप्त कर कार्यवाही की गई। कुल मशरुका 70,700 रुपया जप्त किया जाकर अपराध क्रमांक 173/25 धारा 13 जुआ एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# खेमका बंधुओं ने आयोजित किया श्री रानी सती दादी का मंगल पाठ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी अनंतराम खेमका के पुत्र परमानन्द, अशोक, विनोद खेमका द्वारा भादी अमावस के उपलक्ष्य में शनिवार 23 अगस्त को निज निवास में श्री रानी सती दादी का संगीतमयी मंगल पाठ आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर की समस्त मारवाड़ी समाज की महिलाएं उपस्थित हुईं। कार्यक्रम के दौरान श्री रानी सती दादी को छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाया गया। मंगलपाठ पश्चात भजन, आरती एवं प्रसाद वितरण संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि मारवाड़ी समाज की आराध्य रानी सती दादी त्याग, शक्ति और आस्था का अद्भुत प्रतीक हैं।

## खबर संक्षेप

### विश्व हिन्दू परिषद का युवा संत चिन्तन वर्ग संपन्न हुआ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विश्व हिन्दू परिषद का भोपाल क्षेत्र का 3 दिवसीय युवा संत चिन्तन वर्ग का समापन मध्य भारत के युवा संतो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वर्ग में पूरे मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के प्रमुख युवा संत शामिल हुये। महाकौशल प्रांत मार्गदर्शन मंडल के संयोजक स्वामी बालक दास महाराज, छत्तीसगढ़ प्रांत मार्गदर्शक मंडल के संयोजक स्वामी राजीव लोचन महाराज, बरमान घाट के पूज्य स्वामी गंगा शरण महाराज, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री हरिशंकर, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्य अध्यक्ष भास्कर चैबे मनचासीन थे। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री हरिशंकर ने बताया कि हमारे धर्माचार्य विभाग द्वारा यह तीन दिवसीय चिंतन वर्ग लगाया गया था। इस चिंतन वर्ग का उद्देश्य समाज में जो विभिन्न प्रकार की कुरीतियां फैल रही हैं, समाज में जो असमानता है, समाज में विभिन्न प्रकार के मतांतरण, धर्मांतरण चल रहे हैं उनको जागृत करने के लिए, संस्कारों का जो छरण हो रहा है उस दृष्टि से इस वर्ग में चिंतन मंथन हुआ। संत प्रवचन करते हैं, भागवत करते हैं, राम कथा करते हैं, संत समाज में जो बोलेंगे लोग उनकी बातों को सहजता से ग्रहण कर लेते हैं। ऐसे ही चिंतन वर्ग भविष्य में पूरे देश में लगने वाले हैं।

### गणेश उत्सव की तैयारियां कर रहे युवक को लगा करंट

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के इमलिया गांव में गणेश उत्सव की तैयारियां शोक में बदल गईं। शनिवार रात को एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक पटेल (35) के रूप में हुई है। वह अपने घर के पास गणेश पंडाल तैयार कर रहा था। इस दौरान उसका हाथ बिजली के तार से टकरा गया। वह तुरंत बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल निजी वाहन से जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने कुछ देर के इलाज के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चैकी प्रभारी अशोक करवैति के अनुसार, मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल के शव परीक्षण केंद्र में किया जा रहा है। अस्पताल चैकी पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जानकारी कोतवाली थाने को भेज दी है।

### जिले में अब तक 1220.2 मिमी अर्थात 44.10 इंच वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले में एक जून से 24 अगस्त तक की अवधि में औसत रूप से कुल 1220.2 मिमी अर्थात 44.10 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 24 अगस्त की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 19.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 18 मिमी, गाडरवारा में 36 मिमी, गोटेगांव में 8 मिमी, करेली में 25 मिमी और तेंदूखेड़ा में 10 मिमी वर्षा आंकी गई है। 24 अगस्त तक तहसील नरसिंहपुर में 1056 मिमी, गाडरवारा में 1397 मिमी, गोटेगांव में 1025 मिमी, करेली में 988 मिमी और तेंदूखेड़ा में 1135 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 805.20 मिमी अर्थात 31.70 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 744 मिमी, गाडरवारा में 996 मिमी, गोटेगांव में 904 मिमी, करेली में 616 और तेन्दूखेड़ा में 766 मिमी वर्षा हुई थी।

### आवासी प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार होगा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सेंट आरसेटी- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर द्वारा फोर व्हीलर ड्राइविंग, ब्यूटी पार्लर व महिला सिलाई के आवासी प्रशिक्षण के लिए 25 अगस्त से साक्षात्कार लिए जाएंगे। एक बैच के प्रशिक्षण में 35 अभ्यर्थियों की सीट निर्धारित की गई है। ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय प्रशिक्षण 28 अगस्त से, महिला सिलाई 31 दिवसीय प्रशिक्षण 31 अगस्त से और फोर व्हीलर ड्राइविंग का एक सितम्बर से प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए है। प्रशिक्षण उपरांत मुद्रा योजना एवं शासकीय योजनाओं के तहत हितग्राहियों के बैंक सेवा क्षेत्र के अनुसार स्वरोजगार स्थापित करने के लए ऋण आवेदन बैंकों में प्रेषित किए जाएंगे।

## शैक्षणिक स्तर कमजोर मिलने पर शिक्षकों को नोटिस जारी

# सीईओ जिला पंचायत ने शासकीय शालाओं का निरीक्षण किया

### शिक्षक के अनुपस्थित पाए जाने पर वेतन काटने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



सीईओ जिला पंचायत ने जिले के विकासखंड चावरपाठा की विभिन्न शासकीय शालाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इन विद्यालयों में चल रही शिक्षण व्यवस्था का छात्र- छात्राओं से कक्षा में शैक्षणिक संवाद किया। सीईओ जिला ने जन शिक्षा केंद्र खुरसुरु की शासकीय प्राथमिक शाला समांरिया, एकीकृत माध्यमिक शाला मढ़ेसुर, शासकीय प्राथमिक शाला गौरास का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला समांरिया में दो शिक्षक में से एक शिक्षक संतोष कुमार सोनी 21 अगस्त से अनुपस्थित रहने पर वेतन काटने के निर्देश दिए। छात्र- छात्राओं के शैक्षणिक स्तर कमजोर एवं अभ्यास पुस्तिका की विधिवत जांच नहीं पाए जाने पर एक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी के निर्देश दिए। शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मढ़ेसुर में दर्ज 92 में से 53 छात्र- छात्राओं की उपस्थिति कम मिलने एवं चार शिक्षकों में से एक अतिथि शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के शैक्षणिक स्तर संतोषप्रद नहीं पाए जाने एवं अभ्यास पुस्तिका की विधिवत जांच एवं सप्ताह के दिवस अनुसार शैक्षणिक कार्य न मिलने पर शैक्षणिक कार्य में लापरवाही पर प्राथमिक शिक्षक वहीद खान, शिवपाल सिंह चैहान एवं माध्यमिक शाला में अंग्रेजी में छात्रों का स्तर कमजोर होने पर श्रीमती शशि शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

शासकीय प्राथमिक शाला गौरास में पदस्थ दो शिक्षक सुनील कुमार तिवारी, सुरेश कुमार साहू दोनों उपस्थित मिले। छात्र- छात्राओं के शैक्षणिक स्तर एवं अभ्यास पुस्तिका की विधिवत जांच पाए जाने पर, पंजी पर गुड वर्क बाय टीचर लिखाकर शिक्षकों के कार्य पर प्रसन्नता जाहिर की। जन शिक्षा केंद्र सिहोरा की एकीकृत माध्यमिक शाला गरहा व एकीकृत माध्यमिक शाला अजंसरा का निरीक्षण किया। एकीकृत माध्यमिक शाला गरहा में छात्र- छात्राओं की दर्ज के अनुसार उपस्थिति कम एवं अभ्यास पुस्तिका पर छात्र- छात्राओं को कार्य कराकर जांच नहीं करने, कक्षा तीसरी, चैथी व पांचवीं के छात्र- छात्राओं के अंग्रेजी के शैक्षणिक स्तर कमजोर होना पाया गया। सभी प्राथमिक शिक्षकों को एवं माध्यमिक शाला में बच्चों से गणित विषय के प्रश्न पूछने पर छात्र- छात्राओं का स्तर कमजोर मिलने पर गणित शिक्षक नन्द किशोर साहू को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। एकीकृत माध्यमिक शाला अजंसरा में माध्यमिक शाला में गणित विषय पर बच्चों से सवाल नहीं बनने पर अतिथि शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी के निर्देश दिए।

### आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

ग्राम मढ़ेसुर की आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। जहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने बताया गया कि बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों अनुपस्थिति को लेकर दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश दिए।

## उमंग और उत्साह के साथ किया गया रक्तदान

### ब्रह्माकुमारीज में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विश्व बंधुत्व की प्रेरणा स्रोत राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशस्तिका राजयोगिनी डॉ दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस पर रक्तदान अभियान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नरसिंहपुर सेवा केंद्र में 24 अगस्त को प्रात 10 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री भ्राता जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष पंडित नीरज महाराज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीलम चैहान, जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने दीप प्रज्वलित कर रक्त दान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जालम सिंह पटेल ने कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक जागरूकता का काम है। लोग अक्सर दूसरों से रक्त लेने के लिए तो आगे आते हैं, लेकिन खुद रक्त देने के लिए तैयार नहीं होते।यदि हर व्यक्ति रक्तदान करना शुरू कर दे तो रक्त की कमी की समस्या को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है। निर्मल वासवानी ने कहा कि मैं 62 बार रक्तदान कर चुका हूं। हमारा रक्तदान करने वाला ग्रुप है । कार्यक्रम में दोपहर 1 बजे तक लगभग 50 लोग ब्लड डोनेट कर चुके हैं।

## घुल्लाई अमावस पर बच्चों ने दौड़ाये घोड़े

# लिया खुरमा-बतिया का आनंद

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**





नरसिंह मंदिर परिसर में घुल्लाई अमावस के दूसरे दिन सुबह 6 से 9 बजे तक बड़ी संख्या में बच्चे घुल्ला, घोड़ा दौड़ाते रहे, सभी ने सामूहिक रूप से खुरमा-बतिया का आनंद लिया। इस दौरान सभी बच्चों का स्वागत राजेश विश्वकर्मा राजू भाई ने किया। रविवार की सुबह बच्चे अपने हाथों में लकड़ी के बने घोड़े और खुरमा-बतिया की थैली लिये श्रद्धापूर्वक घोड़े चलाते नजर आये। बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी दिखे जो पूर्ण श्रद्धा और भाव से उक्त पम्परा का निर्वहन अपने बच्चों के साथ सहभागिता कर करा रहे थे। आज जब आधुनिकता की रफ्तार तेज है, तब ऐसी लोक परंपराएँ हमें अपनी जड़ों और पहचान से जोड़ती हैं। गौरवशाली परंपरा, संस्कृति की लय कभी टूटनी नहीं चाहिए, चाहे समय कितना भी बदल जाए। क्योंकि ऐसी परंपराएं समानता और एक दूसरे को समझने का अवसर प्रदान करती हैं इसी पावन उद्देश्य के चलते नरसिंहपुर जिले में बुजुर्ग आज भी अपनी परम्पराओं का निर्वहन करते चले आ रहे हैं और युवा इसे बच्चों के हाथों सौंप रहे हैं ताकि हमारी लोक परम्पराएं चलती रहें।

## किराए का शिक्षक चला रहा सरकारी विद्यालय, छोटा तेंदूखेड़ा अंतर्गत वनग्राम कोटरी का मामला

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

मध्यप्रदेश सरकार लगातार शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए लगातार प्रयासरत है, वर्तमान सरकार शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट का एक बड़ा हिस्सा भी खर्च कर रही है, और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए इ अटेंडेंस जैसे कारगर और कठोर कदम भी उठा रही है लेकिन आज हम आपको एक ऐसे स्कूल की हकीकत से रूबरू करवा रहे हैं, जिस जिले से खुद प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह आते हैं, इस जिले के एक आदिवासी वनग्राम की हकीकत जान आप कहेंगे कि बुजुर्ग बहुत सही कह गए थे कि चिराग तले अंधेरा होता है वही नरसिंहपुर जिले के छोटा तेंदूखेड़ा अंतर्गत वनग्राम कोटरी के प्राथमिक विद्यालय का हाल है। यह है पूरा मामला- वनग्राम कोटरी जिसमें आदिवासी परिवार रहते हैं और उन आदिवासी परिवारों के 34 नौनिहाल बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आते है, इन बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए सरकार भी प्रयासरत है और इन्हीं के गांव में एक प्राथमिक स्कूल संचालित है जिसमें शासन की तरफ से एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक तैनात है जिन्हें प्रतिदिन बच्चों को शिक्षा देनी है लेकिन बच्चों के भविष्य को रोशन करने के लिए नियुक्त की गई प्रधान पाठक रोशनी वर्मा ने उन बच्चों से उनके भविष्य की रोशनी ही छीन ली और विद्यालय में पदस्थ आयुषी लोहिया के साथ मिलकर एक 12वीं पास किराए का शिक्षक विद्यालय में नियुक्त कर दिया जो प्रतिदिन 10,30 बजे जाकर विद्यालय खुलता है बच्चों के अटेंडेंस लगता है सभी बच्चों को एक साथ एक कमरे में बिठाकर पढाता है, और शाम 4,30 बजे बच्चों को घर रवाना कर विद्यालय में ताला डालकर खुद भी घर चला जाता है, इसके एवज में मेहनताना स्वरूप एस किराए के शिक्षक को 8000 मासिक वेतन शिक्षिकाओं की तरफ से दिया जाता है जब कभी मैडम का मन होता है तो वह जबलपुर से अपनी गाड़ी चालू से बटका खापा के रास्ते कोटरी पहुंचती है। संकुल केंद्र में प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदस्थ सत्येंद्र सिंह कौरव ने बताया कि कोटरी में पदस्थ आयुषी लोहिया प्रोविजनल पीरियड पर चल रही हैं इस समय में प्रशिक्षणार्थी हैं।

### कौन है किराए का शिक्षक रामसिंह

राम सिंह खुद आदिवासी परिवार से संबंध रखते हैं और कोटरी गांव में ही राम सिंह का निवास स्थान है राम सिंह ने अपनी पढ़ाई कक्षा 12वीं तक कला संकाय से की है इसके अलावा आगे कोई भी पढ़ाई नहीं की है, बकौल राम सिंह वे प्रतिदिन स्कूल में आकर स्कूल खोलते हैं और स्कूल लगाते हैं साथ ही कक्षा एक से लेकर पांच तक के सभी बच्चों को एक कमरे में बैठाकर पढाते हैं, इतना ही नहीं विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों की हाजिरी भी लगाते हैं जिसके लिए उन्हें 8000 रुपए प्रतिमाह मिलता है, रामसिंह बताते है कि माह में कभी-कभी जबलपुर से मैडम आती है, विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं बताते हैं कि गांव वाले सर रोज स्कूल आते हैं और कभी-कभी मैडम स्कूल आती हैं बाकी हमारी पढ़ाई गांव के सर ही करवाते हैं। वहीं यदि रोशनी वर्मा की माने तो राम सिंह प्रौढ़ शिक्षा अभियान के अंतर्गत अक्षर साथी हैं लेकिन वह विद्यालय समय में प्राथमिक विद्यालय की कक्षा में क्या करते हैं इसका जवाब रोशनी और आयुषी दोनों नहीं दे पाई, जनशिक्षा केंद्र में पदस्थ जनशिक्षक संजय सोनी ने बताया है कि वह कोटरी का निरीक्षण करते हैं और जब शिक्षिकाएं नहीं मिलती हैं तो वह इसकी सूचना लिखित रूप में संकुल प्राचार्य को दे देते हैं संकुल प्राचार्य ने पूर्व में भी कारण बताओं नोटिस जारी किया है, आगे की कार्यवाही करना वरिष्ठ अधिकारियों का काम है।

### इनका कहना है

मैं हर दिन 10,30 बजे स्कूल खोलता हूं बच्चों को पढ़ाता हूं और उनकी हाजिरी भी भर देता हूं कभी-कभी मैडम भी आती हैं इस सब काम के बदले मुझे 8000 सैलरी मिलती है।

**- राम सिंह,**

गांव का रास्ता ठीक नहीं है कभी जा पाते हैं कभी नहीं जा पाते हैं जब मैं नहीं जाती हूं तो जानकारी संकुल प्राचार्य और जन शिक्षक को दे देता हूं सभी को वहां की परिस्थितियां पता है, कोई नहीं रहता तो राम सिंह वहां हमारी मदद करता है इससे ज्यादा मैं क्या बोलूं आप भी हमारी सपोर्ट कीजिए।

**- रोशनी वर्मा, प्रधानपाठक**

मेरी अभी ड्यूटी संकुल में लगी हुई है इसके पहले मैं विद्यालय जाती थी बच्चे ऐसा क्यों बोल रहे हैं कि मैं नहीं आता हूं यह मुझे नहीं पता है मेरी नई जॉइनिंग है तो ज्यादा जानकारी नहीं है कोई साथ मिलता है तो स्कूल चली जाती हूं।

**- आयुषी लोहिया, शिक्षक**

निरीक्षण के दौरान कई बार शिक्षिकाएं स्कूल में नहीं मिली हैं जिसकी जानकारी मैंने संकुल प्राचार्य को दी है आगे की कार्यवाही करना वरिष्ठ अधिकारियों का काम है, मैंने तो बराबर सूचना संकुल प्राचार्य तक भेजी है।

**- संजय सोनी, जनशिक्षक**

## मगज के लड्डुओं का श्री संकट मोचन को भोग किया अर्पित



**गोटेगांव।** विगतदिवस स्थानीय श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में श्रीरामभक्त हनुमानजी की महाआरती पं.दीपकतिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ पत्रकार आशीष साहू ने अपने जन्मदिन पर परिवार के साथ पूजन अर्चन कर मगज के लड्डुओं का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किए जाने के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुजनों ने सामूहिक रूप से श्री रामस्तुति,श्री हनुमान चालीसा श्री हनुमानजी की महाआरती का गायन किया गया, गौरतलब हैकि श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को हनुमान ललाजी की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षों से भी अधिक समय एवं 297वें सप्ताह से निरंतर जारी साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यो द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति आकाशवाणी कलाकार संदीपतिवारीपप्पू सोनी धर्मेंद्रचौबे विद्याचरण पाराशर सालकराम साहू, सुशीलदुबे विजेंद्र एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न करने के तत्पश्चात पत्रकार आशीष साहू के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा आशीष साहू को फूल माला चंदन बंधन से स्वागत किया गया एवं हनुमान जी महाराज से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, इस अवसर नर्मदा प्रसाद गुप्ता, रघुनाथ राय अनिल अग्निहोत्री राकेश शर्मा गयादत्त शर्मा नीरज सराफ अनिल जैन कैलाश गुप्ता वीरेंद्र कश्यप निखिल खटीक अतीश कुमरे बृजेश श्रीवास्तव अमन राजपूत की उपस्थिति रही।

## जब संकट आए, राम को पुकारो और जब धर्म संकट में हो, तो राम की तरह निर्भीक बनो - शंकराचार्य जी



**गोटेगांव।** परमहंसी गंगा आश्रम की पुण्यभूमि पर चल रहे चातुर्मास प्रवचनों बह रही प्रवचन रूपी अमृत की रस धारा में आज का दिन कुछ अलग ही था। पंडाल में बैठे हजारों श्रोता मानो समय के पार चले गए। पूज्य गुरुदेव के ओजस्वी शब्दों से जब ऋषियों की पीड़ा, पंचवटी का सौंदर्य, शूर्पणखा की हठ और राम की अजेय वीरता गूंजी, तो वातावरण राममय हो उठाई । पूज्य गुरुदेव ने भावभीनी वाणी में कहा वन में साधना करने वाले ऋषियों का दर्द आज भी हमें झकझोरता है। राक्षसों के आतंक से वे भयभीत थे, और उस पीड़ा को सुनते ही राम ने वचन दिया, जब तक मैं वन में हूं, तब तक तुम निडर रहो। यह कहते-कहते महाराजश्री ने श्रोताओं की ओर देखा और बोले
राम केवल ऋषियों के नहीं, हर पीड़ित के रक्षक हैं। जब भी आप दुख में हों, याद रखिए राम आपके साथ हैं। श्रोताओं की आंखें नम हो उठीं। जब राम, सीता और लक्ष्मण पंचवटी पहुंचे, तो गोदावरी का कलकल बहता स्वर, हरित वनों की शांति और अगस्त्य मुनि का आशीर्वाद मानो यह संदेश दे रहा था कि जहां प्रेम और धर्म है, वही सच्चा आश्रम है। गुरुदेव ने कहा आज हमें भी अपने जीवन में पंचवटी बसानी है, एक ऐसी जगह, जहां शांति, परिवार का स्नेह और धर्म की नींव हो। श्रोताओं की सांसें थम गईं जब शूर्पणखा प्रसंग आया। गुरुदेव ने गंभीर स्वर में कहा शूर्पणखा केवल एक पात्र नहीं, वह हमारे भीतर छुपी वासना, लोभ और मोह का प्रतीक है। और जब लक्ष्मण ने उसकी नाक-कान काटे, तो गुरुदेव ने स्पष्ट किया
नाक काटना केवल शारीरिक दंड नहीं था, यह संसार को संदेश था कि धर्म और पतिव्रता की मर्यादा पर आंच आई, तो अधर्म की नाक काट दी जाएगी। जब चौदह हजार राक्षसों का आक्रमण हुआ, तो गुरुदेव ने स्वर ऊंचा करते हुए कहा सोचो! एक ओर राम अकेले और दूसरी ओर असंख्य राक्षस। पर जब धर्म साथ हो, तब अकेला भी असंख्य पर भारी पड़ता है। पंडाल तालियों और जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा । अंत में गुरुदेव ने गहन स्वर में कहा आज कथा यहीं तक है। पर याद रखिए, जब भी अधर्म हारता है, वह एक नई चाल चलता है। अब रावण की छाया पंचवटी पर पड़ने वाली है, और वहीं से प्रारंभ होगी वह करुण गाथा, जिसे हम 'सीता-हरण' कहते हैं। रामकथा केवल इतिहास नहीं, यह हर घर का आईना है। जीवन में जब मोह आए, उसे पहचानो। जब संकट आए, राम को पुकारो। और जब धर्म संकट में हो, तो राम की तरह निर्भीक बनो। श्रोता भावविभोर होकर उठ खड़े हुए और एक स्वर में गूंज उठा,
सियाराम मय सब जग जानी,
करहुं प्रनाम जोरि जुग पानी।

# नगर के पेट्रोल पंप पर हेलमेट दलाल सक्रिय



**गोटेगांव।** विगतदिवस नरसिंहपुर जिला प्रशासन द्वारा नरसिंहपुर में बिना हेलमेट के पेट्रोल न देने का आदेश जारी होने के बाद, गोटेगांव के पेट्रोल पंपों पर कुछ लोग सक्रिय हो गए हैं जो कुर्सियां डालकर बैठे दलाल किराए पर हेलमेट उपलब्ध करा रहे हैं। इन दलालों द्वारा 20 रुपए प्रति हेलमेट के हिसाब से धंधा चलाया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में पंप संचालक कोई रोक-टोक नहीं कर रहे हैं, क्योंकि इससे उनका काम सुचारू रूप से चल रहा है और उन्हें बिना हेलमेट वाले ग्राहकों को वापस नहीं लौटाना पड़ रहा है। इस स्थिति से यह साफ हो गया है कि प्रशासन के आदेश का पालन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। आदेश का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना था, लेकिन इन दलालों की वजह से यह उद्देश्य अधूरा रह गया है। यह पूरा मामला प्रशासन की नाक के नीचे चल रही अवैध गतिविधियों को उजागर करता है।

### इनका कहना

इस मामले पर गोटेगांव की एसडीएम देवंती परते ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि यदि इस तरह के दलाल पंपों पर सक्रिय हैं, तो वह सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी करेंगी और इन दलालों के साथ-साथ ऐसे पंप संचालकों के खिलाफ भी वैधानिक कार्यवाही करेंगी। उनका कहना है कि जो पंप संचालक इन दलालों के माध्यम से अपना काम चला रहे हैं, उन पर भी कार्रवाई होगी।

***एस.डी.एम देवंती परते गोटेगांव***

## शिक्षा मंत्री से मिले विद्यालय के शिक्षक जताया आभार



**तेंदूखेड़ा।** बच्चों की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा मंत्री माननीय राव उदय प्रताप सिंह के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में शैक्षणिक सत्र 2025 26 से गणित विज्ञान संकाय विषय प्रारंभ करने तथा दो अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 34 लाख रुपए स्वीकृति मिलने पर संकुल प्राचार्य सभी वरिष्ठ शिक्षक शिक्षा मंत्री के निवास मंगलम कार्यालय राजमार्ग पहुंचकर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने आभार व्यक्त किया। शिक्षा मंत्री ने सभी शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए आश्वासन दिया है कि आगामी समय में संस्था में और बेहतर व्यवस्था की जाएगी। इस वर्ष शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम अन्य वर्षों की तुलना में सराहनीय रहा है। डोभी विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में गणित विज्ञान संकाय की सुविधा नहीं थी जिससे छात्र-छात्राओं को गणित विज्ञान की शिक्षा लेने के लिए अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाना पड़ता था। शिक्षा मंत्री ने द्वारा आश्वासन दिया है कि शाला में जो कमियां और मौजूद है उनको आगामी समय में शीघ्रता से दूर करते हुए एक बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था तैयार की जाएगी। जिससे सभी छात्राओं को बेहतर शिक्षा व्यवस्था हासिल हो सके।

## शांति समीति की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** रविवार को तेंदूखेड़ा के पुलिस थाना परिसर में गणेशोत्सव पर्यूषण पर्व तथा ईद पर्व को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित नगर के प्रतिष्ठित जनों को नगर निरीक्षक ने बताया कि त्यौहार हमारे लिए खुशियां लेकर आते हैं आपसी भाईचारे सौहार्द पूर्ण वातावरण में हम सभी को मिलकर मनाना चाहिए। गणेशोत्सव के दौरान झांकी स्थलों पर सुरक्षा समीति के सदस्यों की उपस्थिति रात्रि के समय सदस्यों को तैनात रहने डीजे या साउंड सिस्टम के माध्यम से तेज आवाज में ना बजाने से लेकर अश्लील फ़ूहड़ गीत संगीत पूर्णतः वर्जित रहेगा। तथा जुलुस शोभायात्रा सालीनता पूर्वक निकालने परम्परागत तालाब पूर्व से बनें अस्थाई विसर्जन कुंडों में ही प्रतिमायें विसर्जित करने छोटे छोटे बच्चों पर ध्यान रखने जैसे महत्वपूर्ण विंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं मौके पर उपस्थित विद्युत विभाग के ए ई द्वारा स्पष्ट किया गया